एक नजर में

माता मंदिर में आज से अखंड रामायण पाठ

बैतूल। श्रावण मास के पावन अवसर पर खप्पर वाली माता मंदिर समिति विनोबा वार्ड द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन की शुरुआत आज शनिवार 22 अगस्त को सुबह 10 बजे होगी। अखंड रामायण पाठ का समापन रविवार 23 अगस्त को दोपहर 12 बजे होगा। समापन अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 1 बजे से मंदिर परिसर में भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने और अखंड रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन में सहभागी बनकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आयुष शिविर का 156 लोगों ने लिया लाभ

बैतूल। संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत 21 अगस्त को ग्राम पंचायत ससुंद्रा, तहसील आमला में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे एवं बैतूल कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे उपस्थित रहे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि शिविर में नागरिकों को आयुर्वेदिक चिकित्सा, परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। साथ ही योग के महत्व, सरल योग क्रियाओं और सूक्ष्म प्राणायाम की जानकारी दी गई। किसानों को औषधीय पौधों के उपयोग एवं उनकी जानकारी से भी अवगत कराया गया। शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. विनीता महादुले एवं डॉ. वंदना शाक्य सहित कुल 8 कर्मचारियों ने अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। शिविर में कुल 156 लाभार्थियों ने आयुष औषधियों का लाभ लिया।

बाइक सहित ताप्ती सरोवर में गिरा युवक

मुलताई। नगर ताप्ती परिक्रमा मार्ग पर दुर्गा मठ के सरोवर किनारे अपनी बाइक ख?ी करने के दौरान एक युवक बाइक सहित सरोवर में गिर गया. मौके पर उपस्थित नगरपालिका कर्मियों द्वारा युवक को गिरते देख उसे व बाइक बाहर निकाला। बताया जाता है ग्राम डहुआ निवासी चिंध्या हिंगवे अपनी पत्नी के साथ ताप्ती परिक्रमा मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड की ओर जा रहा था इस दौरान उसकी पत्नी कुछ सामान खरीदने लगी। युवक जब वहां बाइक ख?ा कर रहा था,इस दौरान अचानक सीढ़ियों की ओर पहिया घाट की ओर उतर गया जिससे वह बाइक सहित सरोवर में जा गिरा। घटना देख निक्की कुरवा? तत्काल मौके पर पहुंचे तथा अन्य कर्मचारियों के सहयोग से युवक को सकुशल बाहर निकाला जिसके बाद रस्सी बांध कर से बाइक भी निकाली।

विश्व मंगल्य सभा ने किया रुद्राभिषेक

बैतूल बाजार। श्रावण मास के पावन अवसर पर विश्व मंगल्य सभा, बैतूल बाजार द्वारा चलाए जा रहे शिव आराधना अभियान के तहत ग्राम बारवी स्थित शिवालय मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक एवं शिव आराधना कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। धार्मिक आयोजन में ग्राम बारवी सहित आसपास के क्षेत्र की महिलाओं और मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ की आराधना की।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु महिलाओं एवं मातृशक्ति ने विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन एवं रुद्राभिषेक किया।

'क्यों' का जवाब स्पष्ट होगा तो मोटिवेशन अपने आप आएगा

नवभारत न्यूज

बैतूल, 21 अगस्त. युवाओं को करियर निर्माण के लिए सही दिशा, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और बदलते समय के अनुरूप नई संभावनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को सिटी मैरिज लॉन, आमला में युवा संवाद—सपने, संवाद और सफलता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भारत सबसे युवा देश, सपनों की उड़ान का दायरा बढ़ाए

विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, जनपद अध्यक्ष गणेश यादव, उपाध्यक्ष किशन रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नितिन गाडरे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, एसडीएम कामिनी ठाकुर, सीएमओ नितिन बिजवे एवं तहसीलदार रिचा कौरव ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों, कॉलेज विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बाद उपलब्ध शिक्षा एवं करियर विकल्पों, ग्रेजुएशन के बाद रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यवसाय, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास तथा भविष्य में उभरते रोजगार अवसरों के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल्स का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम में आमला विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पारंपरिक सोच से आगे बढ़ाएं सपनों का दायरा : कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देशों में है। इसलिए युवाओं को अपनी सोच का दायरा बढ़ाने की जरूरत है। आज दुनिया में अवसरों की कोई कमी नहीं है और टेक्नोलॉजी के माध्यम से घर बैठे भी ज्ञान एवं कौशल बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अलग-अलग करियर क्षेत्रों के बारे में सोचें और अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप विकल्प चुनें। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करने के लिए कहा—परिवार एवं माता-पिता की अपेक्षाएं, दूसरों से मिलने वाली जानकारी और स्वयं की रुचि एवं इच्छा। इन सभी पहलुओं को समझकर अपनी क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करें। कलेक्टर ने अरुणिमा सिन्हा और सचिन तेंदुलकर के उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को कठिन परिस्थितियों में भी हार न मानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी विषम परिस्थिति व्यक्ति की सफलता में स्थायी बाधा नहीं बन सकती। असफलताओं से सीख लेकर लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार्ड वर्क के साथ स्मार्ट वर्क भी जरूरी है।

आर्थिक परिस्थितियां नहीं बनेगी बाधा : विधायक

आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रतिभा, मेहनत और आगे बढ़ने का संकल्प हो तो आर्थिक कठिनाइयां भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। सरकार प्रतिभावान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं आगे की पढ़ाई के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सहायता उपलब्ध करा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें और मेहनत एवं लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। आर्थिक स्थिति को कभी भी सफलता के रास्ते में बाधा न बनने दें। शासन द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सहायता देने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विधायक डॉ. पंडाग्रे ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, और उसे हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

जीवन में क्यों का जवाब स्पष्ट हो तो मोटिवेशन अपने आप आता है : कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में 'क्यों' का स्ट्रांग होना बहुत जरूरी है। हम जो करना चाहते हैं, वह क्यों करना चाहते हैं, इसका जवाब यदि हमें पता है तो आगे बढ़ने का मोटिवेशन अपने आप आता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने सपनों को लेकर स्पष्ट रहें, अपनी क्षमताओं को पहचानें और निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ें। विल पावर और डिटरमिनेशन पावर ऐसी ताकत हैं, जो व्यक्ति को जीवन में पीछे नहीं हटने देतीं। किसी परीक्षा या प्रयास में असफल होने पर मानसिक दबाव या निराशा में जाने के बजाय कुछ समय रुककर शांत मन से परिस्थितियों को समझना चाहिए। अपनी गलतियों का विश्लेषण कर नए उत्साह के साथ फिर से प्रयास शुरू करना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी तेजी से बदल रही है। ऐसे में युवाओं को यह समझना होगा कि आने वाले समय में उनकी स्किल्स कितनी प्रासंगिक रहेंगी। बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को तैयार कर रोजगार एवं करियर के लिए सशक्त बनाना होगा।

स्मार्ट मीटर के विरोध में नागरिकों ने निकाली रैली, पहुंचे कलेक्ट्रेट

बैतूल। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में कथित रूप से बढ़ोतरी और अन्य समस्याओं को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में नागरिक और विद्युत उपभोक्ता ऑडिटोरियम में एकत्रित हुए। यहां से सभी लोग रैली की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। प्रदर्शन के दौरान नागरिकों ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी, रीडिंग में अंतर और बिलिंग से जुड़ी समस्याओं और स्मार्ट मीटर लगाने के लिए आ रहे ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को

भ्रमित कर अभी मीटर नहीं लगवाने पर बाद में मीटर लगाने के लिए 2500 से 5000 तक की रकम का भुगतान करने की बात कही जा रही है। उनका कहना था कि कई उपभोक्ताओं के पहले बिजली बिल सामान्य आते थे, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिलों में काफी अंतर दिखाई दे रहा है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं, किसानों और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ने की बात कही गई। रैली के बाद नागरिकों ने कलेक्टर के माध्यम से ऊर्जा मंत्री, राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर की तकनीकी क्षमता और पुराने मीटर की अंतिम और नए मीटर की प्रारंभिक रीडिंग का रिकॉर्ड उपलब्ध कराने तथा पिछले 12 महीनों की खपत की स्मार्ट मीटर लगने के बाद की खपत से तुलना कराने की मांग की गई। नागरिकों ने मांग रखी कि जिन उपभोक्ताओं के बिल असामान्य रूप से अधिक आए हैं, उनकी विशेष जांच की जाए। साथ ही गलत बिल पाए जाने पर अतिरिक्त राशि का समायोजन या नियमानुसार वापसी की जाए। शिकायतों के समाधान के लिए हेल्प डेस्क बनाने की मांग की गई।

15 फीट गहरी खाई में गिरी बाइक, किसान की मौत

बैतूल। सड़क हादसे में 61 वर्षीय किसान की मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी घायल हो गईं। घटना गुरुवार को सावंगी से हिडली जाते समय हुई, जब दंपती की बाइक 15 फीट गहरी खाई में गिर गई। सुनसान रास्ते के कारण उन्हें समय पर मदद नहीं मिल पाई और वे करीब तीन-चार घंटे तक खाई में पड़े रहे। जानकारी के अनुसार, काशीराम गुवाडे अपनी पत्नी कुसुम के साथ बाइक से सिदूरी लेकर पारेगांव जा रहे थे। रास्ते में ढलान पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद दोनों बेहोश हो गए थे। होश आने पर काशीराम

ने एक राहगीर को इशारे से बुलाया और उसके फोन से अपने परिजनों को सूचना दी। परिजनों को हादसे की जानकारी दोपहर करीब ढाई बजे मिली। बड़ोरा के पास अस्पताल ले जाते समय काशीराम की मौत हो गई। काशीराम का पोस्टमार्टम शुक्रवार जिला अस्पताल में किया गया, जिसके बाद शव सावंगी ले जाकर अंतिम संस्कार किया। इधर, घायल कुसुम को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। यह हादसा जिस रास्ते पर हुआ, वह सुनसान और कम आवाजाही वाला है।

नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

पाथाखेड़ा। शासकीय कन्या शाला सारनी में नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ के गंभीर आरोपों से जुड़े मामले में सारनी पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त को सूचना मिली थी कि शासकीय कन्या शाला में पदस्थ शिक्षक द्वारा स्कूल समय के दौरान नाबालिग छात्राओं के साथ कथित रूप से बुरी नीयत से अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ की गई। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सारनी थाने में आरोपी के विरुद्ध धारा 74 बीएनएस तथा धारा 7/8, 9/10 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए ?5 हजार का इनाम घोषित किया। उनके निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी सारनी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार एवं प्रधान आरक्षक श्रीराम उईके की सराहनीय अहम भूमिका रही।

अतिक्रमण हटाकर रास्ता खुलवाने की मांग

मुलताई। नगर में रेल्वे पटरी पार ताप्ती वार्ड एवं अम्बेडकर वार्ड के रामनगर क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो को अपने घर आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, रेल्वे ने जहां अपनी सीमा पर बाउंड्रीवाल बना ली है वहीं बोरदेही रोड से इस ओर आने वाले क्षेत्र में अतिक्रमण होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। शुक्रवार को क्षेत्र की करीब एक दर्जन महिलाओं ने पार्षद निर्मला बेले एवं शिल्पा शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पालिका पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) वीरेंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने बताया कि उनके मकान मुलताई रेलवे

स्टेशन के सामने स्थित हैं। हाल ही में रेलवे द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण किए जाने के बाद उनके मकानों तक आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। इससे रोजाना आवागमन में भारी दिक्कत हो रही है। ज्ञापन में बताया रामनगर से बोरदेही रोड की ओर पहले से ही अतिक्रमण के कारण आवागमन प्रभावित रहता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। रेल विभाग द्वारा अपनी सीमा में बाउंड्रीवाल बनाने के बाद आवागमन की समस्या और गंभीर हो गई है। वार्डवासियों ने नपा से मौके का निरीक्षण कर रेलविभाग से समन्वय स्थापित कर रास्ता उपलब्ध कराने तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

आनंद धाम वृद्धाश्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर संपन्न

बैतूल। होम्योपैथी केवल होम्योपैथी केवल ऊपरी लक्षणों को दबाने के बजाय बीमारी के मुख्य कारण, मानसिक स्थिति और शारीरिक प्रकृति को ध्यान में रखकर इलाज करती है। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आनंद धाम वृद्धाश्रम में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैतूल शहर के होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ.मनोज वरवड़े एवं डॉ.ओम प्रकाश चौहान ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया और होम्योपैथिक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत 23 वृद्धजनों सहित स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझते हुए आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इस मौके पर डॉ.वरवड़े ने बताया कि यह दवाएं पौधे, खनिज और प्राकृतिक पदार्थों से बेहद सूक्ष्म रूप में तैयार की जाती हैं। डॉ.चौहान ने बताया कि होम्योपैथी शरीर की प्राकृतिक आत्म-उपचार शक्ति को उत्तेजित करती है, जिससे शरीर बीमारियों से खुद लड़ने में सक्षम बनता है।

वृद्धाश्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर संपन्न

बैतूल। होम्योपैथी केवल होम्योपैथी केवल ऊपरी लक्षणों को दबाने के बजाय बीमारी के मुख्य कारण, मानसिक स्थिति और शारीरिक प्रकृति को ध्यान में रखकर इलाज करती है। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आनंद धाम वृद्धाश्रम में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैतूल शहर के होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ.मनोज वरवड़े एवं डॉ.ओम प्रकाश चौहान ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया और होम्योपैथिक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया।

शिविर के दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत 23 वृद्धजनों सहित स्टाफ सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को समझते हुए आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इस मौके पर डॉ.वरवड़े ने बताया कि यह दवाएं पौधे, खनिज और प्राकृतिक पदार्थों से बेहद सूक्ष्म रूप में तैयार की जाती हैं। डॉ.चौहान ने बताया कि होम्योपैथी शरीर की प्राकृतिक आत्म-उपचार शक्ति को उत्तेजित करती है, जिससे शरीर बीमारियों से खुद लड़ने में सक्षम बनता है।

पूर्व सैनिक हत्याकांड मामले में एसआईटी जांच की मांग

बैतूल। महाराष्ट्र के नांदेड़ ग्रामीण थाना क्षेत्र में पूर्व सैनिक इंद्रजीत सिंह बावरी की धारदार हथियारों से हुई हत्या के बाद सिख-सिकलीगर समाज में आक्रोश है। इस मामले में ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन मध्यप्रदेश और जनमानस कल्याण संस्थान ने एकजुट होकर बैतूल में एसपी को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह बावरी, प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह बग्गा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित संबंधित प्रशासनिक

अधिकारियों तक मांगें पहुंचाने का आग्रह किया गया। आवेदन में बताया कि करीब 25 वर्षीय इंद्रजीत सिंह बावरी, ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन भारत के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलजीत सिंह बावरी के पुत्र थे। मोटरसाइकिल जब्ती को लेकर हुए विवाद के बाद इंद्रजीत सिंह को कथित तौर पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके कुछ समय बाद करीब आठ हमलावर चार मोटरसाइकिलों पर सवार होकर पहुंचे और इंद्रजीत सिंह पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में उनकी मौत हो गई। मामले में के.बी. गैंग के नाम की भी चर्चा सामने आई है। समाज की ओर से इस गैंग की कथित भूमिका की जांच की मांग की गई है। बताया गया है कि कैलाश बिधानिया, नितिन बिधानिया और ज्योति बिधानिया से जुड़े इस गैंग के नांदेड़ क्षेत्र में वर्ष 2007 से सक्रिय होने तथा पूर्व में कई गंभीर आपराधिक मामलों में नाम सामने आने की बात कही जा रही है। ऑल सिख-सिकलीगर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सिंह बावरी, जिला अध्यक्ष सतनाम सिंह बावरी और प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह बग्गा ने प्रशासन के समक्ष पांच सूत्रीय मांगें रखीं।

विद्यार्थियों ने सीखे मानसिक संतुलन के गुर

बैतूल। श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बैतूल में नवागत विद्यार्थियों के स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम के सूत्रधार प्रो. वी. के. मालवी ने बताया कि योग सत्र में विशेष रूप से ऐसी योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया, जो चित्त विकारों को दूर करने, एकाग्रता बढ़ाने और याददाश्त को बेहतर बनाने में सहायक हैं। विद्यार्थियों को शारीरिक क्षमताओं में वृद्धि के लिए भी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। पतंजलि योगपीठ जिला प्रकोष्ठ के प्रभारी सुनील कुबड़े ने छात्र-छात्राओं को योग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने योगाभ्यास के दौरान बरती

जाने वाली सावधानियों की जानकारी देते हुए विभिन्न योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया तथा विद्यार्थियों से इन्हें नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में अपनाने की अपील की। इंडक्शन कार्यक्रम के द्वितीय एवं तृतीय दिन एचआर प्रोफेशनल एक्सपर्ट प्रवीण एस. वाट ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री में चयन के लिए आवश्यक गुणों और कौशलों की जानकारी दी। उन्होंने पर्सनालिटी डेवलपमेंट, गुड कम्युनिकेशन स्किल और इंटरव्यू की तैयारी सहित रोजगार के लिए उपयोगी विभिन्न स्किल्स पर विस्तार से चर्चा की। इंडक्शन कार्यक्रम के अगले सत्र में प्रो. हेमंत दवंडे ने महाविद्यालयीन जीवन में विद्यार्थियों के बीच उत्पन्न होने वाले पियर प्रेशर के बारे में जानकारी दी।

बदहाल सड़कों सहित अन्य मुद्दों पर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बैतूल। नगर परिषद भैंसदेही क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मंडल कांग्रेस कमेटी भैंसदेही ने 21 अगस्त को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पाइपलाइन के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, सफाई कर्मचारियों के करीब 40 माह से लंबित ईपीएफ का भुगतान, प्रमुख चौक-चौराहों व मंदिरों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने, वार्ड क्रमांक 4 के कोठीढाना में नाली निर्माण तथा मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के लंबित पट्टे जारी करने की मांग की गई। कांग्रेस ने कहा कि पाइपलाइन डालने के बाद कई स्थानों पर खोदी गई सड़कों की लंबे समय से मरम्मत नहीं हुई है। बारिश के कारण सड़कें ऊबड़-खाबड़ और कीचड़युक्त हो गई हैं, जिससे वाहन चालकों, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत और पुनर्निर्माण की मांग की गई। ज्ञापन में सफाई कर्मचारियों सहित अन्य संबंधित कर्मचारियों के ईपीएफ का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया गया कि वेतन से नियमित कटौती के बावजूद करीब 40 माह से राशि खातों में जमा नहीं की गई है। कांग्रेस ने लंबित ईपीएफ राशि ब्याज सहित तत्काल जमा कराने की मांग की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मंदिरों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई।

बस स्टैंड पर सुविधा केंद्र का निर्माण प्रारंभ

बैतूल। छोटा बस स्टैंड पर वर्षों से चली आ रही जन सुविधा केंद्र की मांग आखिरकार पूरी होने की दिशा में बढ़ गई है। वार्ड 14-15 के यात्रियों और आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चियों को शौचालय की सुविधा नहीं होने से लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब जन सुविधा केंद्र का निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। वार्ड 14 की पार्षद गायत्री कैलाश आजाद और वार्ड 15 की पार्षद पूनम प्रवीण चढ़ोकार ने निर्वाचित होने के बाद से ही जन सुविधा केंद्र को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया था। दोनों पार्षदों ने समस्या के स्थायी निराकरण के लिए लगातार प्रयास करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमंत

खंडेलवाल के समक्ष छोटा बस स्टैंड पर जन सुविधा नहीं होने से यात्रियों और आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों को रखा। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल नगर परिषद के सीएमओ और सब इंजीनियर को जन सुविधा केंद्र के निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही वे समय-समय पर कार्य की प्रगति की जानकारी भी लेते रहे। उनके विशेष सहयोग और प्रयासों से अब वर्षों पुरानी मांग पर अमल शुरू हो गया है और निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। जन सुविधा केंद्र का काम शुरू होने पर वार्डवासियों और नगरवासियों में खासा हर्ष और उल्लास है। लोगों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, वार्ड पार्षद गायत्री कैलाश आजाद और पार्षद पूनम प्रवीण चढ़ोकार का आभार व्यक्त किया है।